तेरी मोरछड़ी का झाड़ा | By Tanu Tanvir Nizami

तेरी मोर छड़ी का झाड़ा लग जाए सांवरे
दुख जिंदगी के सारे मिट जाए सांवरे
तेरी मोर छड़ी का झाड़ा.....

जो श्याम शरण में जाता भर देता झोली है
इस मोर छड़ी ने कितनों की किस्मत खोली है
अपनी किस्मत के ताले खुलवा ले बाबरे
दुख जिंदगी के सारे मिट जाए सांवरे
तेरी मोर छड़ी का झाड़ा.....

गुणगान श्याम का कर ले किस्मत खुल जाएगी
जो कमी तेरे जीवन में पूरी हो जाएगी
तू प्रेम श्याम से कर ले ना लगता दाम रे
दुख जिंदगी के सारे मिट जाए सांवरे
तेरी मोर छड़ी का झाड़ा.....

जब श्याम बहादुर तेरे दर्शन को आ गए
तब मोर छड़ी से ताले तूने खुलवा दिए
तू मोर छड़ी से ताले खुलवाता सांवरे
दुख जिंदगी के सारे मिट जाए सांवरे
तेरी मोर छड़ी का झाड़ा.....

तनु संकट हर लेती बाबा की मोर छड़ी
इसके आगे झुक जाती सब शक्ति बड़ी-बड़ी
माही पर श्याम करो ना कृपा की छांव रे
दुख जिंदगी के सारे मिट जाए सांवरे
तेरी मोर छड़ी का झाड़ा.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9d%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-by-tanu-tanvir-nizami/